तापमान

अधिकतम 33 .2 डिग्री

न्यूनतम 14 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025



12 छठ पूजा के लिए पूर्वांचलियों को मिलेगा पक्का...





12 पति-पत्नी का रिश्ता आत्मिक भावनात्मक जुड़ाव का...




## 62 ने दी ओलंपियाड की परीक्षा




**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड की परीक्षा बड़े उत्साह, अनुशासन और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। प्रतिष्ठित परीक्षा में विद्यालय के कुल 62 विद्यार्थियों ने भाग लेकर गणित विषय में अपनी रुचि, परिश्रम और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गणितीय तर्कशक्ति, विश्लेषणात्मक सोच तथा समस्या समाधान की क्षमता को विकसित करना है। यह परीक्षा छात्रों को वैश्विक स्तर पर अपनी योग्यता परखने का अवसर प्रदान करती है और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करती है। परीक्षा का सफल आयोजन विद्यालय के गणित विभागाध्यक्ष साहिल कुमार तथा ओलंपियाड समन्वयक राहुल के कुशल निर्देशन और सहयोग से किया गया। दोनों शिक्षकों ने सुनिश्चित किया कि परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी, शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से सम्पन्न हो।

# हरियाणवी संस्कृति के महाकुंभ रत्नावली का आज होगा आगाज, सूबे के मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे उद्घाटन

### 28 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मंगलवार को चार दिवसीय हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का शुभारंभ सूबे के सीएम नायब सिंह सैनी करेंगे। 28 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले हरियाणवी संस्कृति के महाकुंभ में प्रदेश भर के 3500 युवा कलाकार, 34 विधाओं में 6 मंचों पर हरियाणवी संस्कृति के लोक रंग बिखेरंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रदेश भर से आने वाले मेहमानों के स्वागत के लिए दुल्हन की तरह सजकर तैयार हो गया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने दोपहर बाद रत्नावली समारोह की तैयारियों का जायजा लेकर सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

### आज के यह कार्यक्रम

रत्नावली का उद्घाटन समारोह ऑडिटोरियम हॉल में होगा। आडिटोरियम हाल में रिचुअल्स और पाप सांग हरियाणवी, हरियाणवी कोरियोग्राफी व हरियाणवी लूर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। आरके सदन में प्रातः कालीन सत्र में हरियाणवी भजन व दोपहर बाद ड्यूट रागनी की प्रस्तुति होगी। ओपन एयर थियेटर में प्रातः कालीन सत्र में सोलो डांस पुरुष व दोपहर बाद छात्रों की रागनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सीनेट हॉल में हरियाणवी भाषण प्रतियोगिता व हरियाणवी पगड़ी बांधो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खुला मंच पर दोपहर बाद विद्यार्थियों की सांग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। क्रश हाल में लोक चित्रकला कार्यशाला व प्रदर्शनी, बोहिया/इंडी/पीढ़ा/ बंदरवाल/फुलझड़ी तैयार करना प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

### अतिथियों का पगड़ी पहनाकर करेंगे स्वागत



लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि समारोह में पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हरियाणवी ढोल नगाड़ो, बीन, सपेरों की टीम जोरदार ढंग से स्वागत करेगी और कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अगुवाई में मुख्यातिथि व अन्य अतिथियों को हरियाणा के मान-सम्मान की प्रतीक पगड़ी सबसे पहले पहनाई जाएगी। उसके बाद आत्मनिर्भर भारत व स्वावलंबी भारत पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया जाएगा।

### मैनेजमेंट कमेटी संभालेगी मीडिया कमान

राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में 6 विभिन्न मंचों पर होने वाली 34 विधाओं की कवरेज व मीडिया प्रबंधन के लिए बनाई गई मीडिया मैनेजमेंट कमेटी के लिए लोक सम्पर्क विभाग व जनसंचार विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया को संयोजक बनाया गया है। इस कमेटी में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, उपनिदेशक डॉ. सलोनी दिवान, लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, आईएमएसी एंड एमटी के डॉ. आबिद अली, डॉ. प्रदीप राय व डॉ. अभिनव कटारिया तथा यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के डॉ. सुशील टाया को शामिल किया गया है। इसके साथ ही मीडिया संस्थान के छात्र भी इसमें सहयोग करेंगे। छात्रों को रत्नावली में मीडिया मैनेजमेंट और समाचार लेखन के गुर सिखाए जाएंगे। रत्नावली का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा में निखार लाना है चाहे वो कला का क्षेत्र या लेखन का।

## खबर संक्षेप

### सिलेंडर फटा, पिता और तीन पुत्र झुलसे

**पानीपत।** गांव काबड़ी के दादा खेड़ा मोहल्ला में निवास कर रहे प्रेम कश्यप के घर में सोमवार की सुबह गैस सिलेंडर फट गया और हादसे में प्रेम कश्यप, इसका पुत्र आशु, मनीष व प्रिंस झुलस गए। पडोसियों ने चारों को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जबकि हादसे में प्रेम के कमरे की छत उड़ गई। पुलिस की जांच में पता चला कि प्रेम के घर में रखे एलपीजी सिलेंडर से गैस रिस रही थी। सोमवार की सुबह जैसे ही आशु ने बिजली चलित बल्ब जलाया तो कमरे में फैली गैस में आग लग गई और सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। हादसे में पति व इसके तीन पुत्र झुलस गए।

### राष्ट्र प्रगति के लिए सोच में लानी होगी पारदर्शिता

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में विजिलेंस जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष का थीम है सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी। इसी कड़ी में सोमवार को कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों, गैर-शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों को सतर्कता की शपथ दिलाई। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए हमें अपनी सोच और व्यवहार में पारदर्शिता लानी होगी। उन्होंने कहा सच्चा नागरिक वही है जो न केवल स्वयं ईमानदार रहे, बल्कि दूसरों को भी ईमानदारी के लिए प्रेरित करे।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दी छठ पर्व की बधाई, बोले- यह पर्व सभी के जीवन में प्रकाश लाए

# डंकी रूट से विदेश जाने का रास्ता गलत सही व कानूनी तरीके से जाएंः मनोहर

- धान को सुखाकर लाएं, ताकि खरीद सुचारू रूप से हो सके
- प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि युवाओं को सही तरीके से विदेश में काम करने के लिए हरियाणा सरकार भेजा रही है। युवा पैसे कमाने के लालच में एजेंटों के चक्कर में ना आएं।

केन्द्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है। सूर्य हमारे जीवन में एक प्रकाश पुंज है, जिसकी हम आराधना करते हैं और यह कामना करते हैं कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में प्रकाश लेकर आए।

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल सोमवार को करनाल प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने युवाओं के डंकी रूट से विदेश जाने के मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह तरीका युवाओं और उनके परिवारों के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही और कानूनी तरीके से ही विदेश जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के माध्यम से युवाओं को सही तरीके से विदेश में काम करने के लिए भेजा जा रहा है। धान खरीद पर पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बार अधिक वर्षा के कारण धान की फसल गीली है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे मंडियों में धान को सुखाकर लाएं, ताकि धान की खरीद सुचारू रूप से की जा सके। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई गई है। प्रदेश सरकार निरंतर जनता के सुख-सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है।



**करनाल।** पत्रकारों से बातचीत करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल।



कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कविंद्र राणा को बधाई देते विधायक योगेंद्र राणा, जगमोहन आनंद, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर व अन्य।

### मिले वोट का अधिकार

सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए उचित मतदाताओं को ही वोट डालने का अधिकार होना चाहिए। गलत मतदाता यदि कहीं दर्ज हो जाता है तो उसका वोट कटना चाहिए। जनतंत्र को बनाए रखने के लिए गलत मतदाताओं के वोट काटने का फैसला चुनाव आयोग का है और समय-समय पर आयोग द्वारा इस संबंध में कार्य किए जाते हैं। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, केंद्रीय मंत्री मंत्री के प्रतिनिधि कविंद्र राणा, जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर व भाजपा वरिष्ठ नेता बृजभूषण गुप्ता सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि राणा के कार्यालय का उद्घाटन

- विधायक जगमोहन विधायक योगेंद्र राणा व जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर सहित अन्य नेताओं ने डाली यज्ञ में आहुति

करनाल। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण परिसर में स्थित कार्यालय का सोमवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ व मंत्रोच्चारण करते हुए कार्यालय की विधिवत शुरूआत की गई। हवन-यज्ञ के अवसर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सुखीजा, बृजभूषण गुप्ता, कृष्ण गर्ग, अशोक भंडारी, पार्षद संकल्प भंडारी, गुलाब सिंह मूनक, रघुमल भट्ट, साहिल मदान, आशीष मित्तल तथा शुभम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने आहुति डाली और कविंद्र राणा को शुभकामनाएं दीं। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कविंद्र राणा के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ हुआ है। कार्यालय की शुरुआत से करनाल संसदीय क्षेत्र के लोगों को केंद्रीय मंत्री तक अपनी बात पहुंचाने व अपनी समस्याओं का निवारण करवाना सुगम होगा। कार्यालय की स्थापना लघु सचिवालय की निकटता को ध्यान में रखकर की गई है। पार्किंग के लिए भी कार्यकर्ताओं व आमजन को सुविधा रहेगी। इस मौके पर असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने कविंद्र राणा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिनिधि के तौर पर अहम जिम्मेदारी दी है। कविंद्र राणा पिछले एक वर्ष से अधिक समय से आमजन व केंद्रीय मंत्री के बीच कड़ी का कार्य कर रहे हैं और कर्ण कमल व स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से अपना कार्य कर रहे थे।

### यमुनानगर में विदेश भेजने और साइबर ठगी से लगाया चूना

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे एक लाख 28 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

- पुलिस ने संगरूर निवासी महिला एजेंट के खिलाफ केस दर्ज किया

बेटे को वर्क वीजा पर आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर गांव जयरामपुर खालसा निवासी इकराम से एक लाख 28 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप पंजाब के संगरूर निवासी महिला एजेंट भूपिंद्र कौर पर लगा है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में इकराम ने बताया कि वह बेटे साहिल को 12वीं की पढ़ाई के बाद रोजगार के लिए विदेश भेजना चाहता था। 22 दिसंबर 2024 में पंजाब के संगरूर की एजेंट भूपिंद्र कौर से ऑनलाइन संपर्क किया। इसमें भूपिंद्र कौर ने कहा कि साहिल को वर्क वीजा पर जल्द ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे। 27 जनवरी को भूपिंद्र कौर ने फोन कर बताया कि साहिल का वीजा आ गया है। इकराम ने बताया कि 28 जनवरी को वह और बेटा साहिल संगरूर के समाना स्थित दफ्तर पहुंचे। जहां भूपिंद्र कौर ने लैपटॉप व मोबाइल पर वीजा दिखाया। भूपिंद्र कौर ने उनसे 98 हजार किसी रणजीत सिंह के खाते में डलवाए और दो दिन में वीजा व टिकट घर पहुंचने की बात कही। 18 फरवरी को भूपिंद्र का फोन पर कहा कि साहिल की 20 फरवरी की टिकट बुक कर दी जाएगी। संदीप शर्मा के नाम से बने अकाउंट में भूपिंद्र कौर ने उनसे 30 हजार रुपये डलवाए। इसके बाद उसकी भूपिंद्र कौर से बात नहीं हुई। कॉल करने पर फोन बंद मिला।

### इंजीनियर से ठगे 14.10 लाख रुपये

- कुवैत की तेल कंपनी में इंजीनियर की नौकरी करता है पीड़ित

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने फतेहगढ़ निवासी इंजीनियर कपिल कुमार से ऑनलाइन निवेश के नाम पर 14.10 लाख हड़प लिए। कपिल कुमार कुवैत की तेल कंपनी में इंजीनियर की नौकरी करता है। पुलिस के अनुसार कपिल ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बीटेक की हुई है। वह पिछले कई वर्षों से कुवैत की एक तेल कंपनी में इंजीनियर के पद पर नौकरी करता है। उसने बताया कि उसको शेयर मार्केट में करीब छह वर्ष का अनुभव है। गत फरवरी में गूगल सर्च के दौरान वह आईटीआई लिमिटेड कंपनी के लिंक पर क्लिक करने पर वह एक व्हाट्सएप नंबर से जुड़ गया। आरोपी ने ट्रेडिंग टिप्स वाले व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे ऑनलाइन निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसका फर्जी वेबसाइट पर डीमैट अकाउंट खुलवाया। लालच में आकर उसने अप्रैल और मई माह में विभिन्न यूपीआई आईडी और बैंक खातों में कुल 10 लाख 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद उसे अकाउंट में 29 लाख रुपये का बैलेंस नजर आया। जब वह पैसे निकालने की कोशिश करने लगा तो उसे टैक्स के नाम पर चार लाख रुपये जमा करवाने को कहा गया। इसने 29 मई को पैसे जमा करवा दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया और फर्जी वेबसाइट व डीमैट अकाउंट गायब हो गया।

# पानीपत में शराब तस्करों ने ठेकेदार की हत्या की

- दो भाइयों समेत तीन नामजद

**पानीपत।** कच्चा कैंप क्षेत्र के हरि नगर में कथित रूप से शराब की तस्करी करने वाले दो भाइयों सचिन व मोंटी और इनके अज्ञात साथी ने शराब ठेकेदार चरणजीत निवासी सिद्धार्थ नगर की चाकू मार कर हत्या कर दी। वहीं, चरणजीत की पत्नी ज्योति की शिकायत पर पुराने औद्योगिक थाना पुलिस ने मोंटी व सचिन और इनके अज्ञात साथी पर हत्या के आरोप में केस किया है। इधर, डीएसपी हेड क्वार्टर सतीश वत्स ने बताया कि चरणजीत की हत्या के आरोपी फरार है और इनकी गिरफ्तारी के लिए चार टीमों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही चरणजीत की हत्या की सही वजय का पता चलेगा। अभी तक परिजनों का आरोप है कि चरणजीत ने शराब की तस्करी का विरोध किया था, इसके चलते आरोपियों ने चाकू से प्रहार कर चरणजीत की हत्या कर दी। पुलिस ने अपनी सुरक्षा में चरणजीत का अंतिम संस्कार करवाया।

# सेंट्रल जेल पुल के नीचे से युवक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर में सोमवार सुबह धूलकोट के पास अंबाला सेंट्रल जेल के नजदीक पुल के नीचे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी। शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। लोगों ने सबसे पहले पुल के नीचे युवक को अचेत अवस्था में पड़े देखा। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो मृत था।

### पहचान नहीं हुई

डीएसपी हेड क्वार्टर विजय ने बताया कि युवक की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच है। शव के पास से कोई पहचान पत्र या फोन नहीं मिला है। पुलिस ने आसपास के थानों में सूचना भेज दी है ताकि किसी लापता व्यक्ति की रिपोर्ट से पहचान की जा सके। प्रारंभिक जांच के अनुसार, युवक के शरीर पर किसी प्रकार के गहरे चोट के निशान नहीं पाए गए, मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# बलराज पंवार ने एशियन रोइंग चैम्पियनशिप-2025 में जीता स्वर्ण, ओलंपिक खिलाड़ी की लगातार तीसरी बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के घरौंडा उपमंडल के गांव कैम्मला के अंतरराष्ट्रीय रोइंग खिलाड़ी बलराज पंवार ने एशियन रोइंग चैम्पियनशिप-2025 में स्वर्ण पदक जीतकर देश और हरियाणा का नाम फिर रोशन किया है। वियतनाम में आयोजित प्रतियोगिता में बलराज के स्वर्ण पदक जीतने के बाद रविवार को जब गांव लौटे, तो ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। विस अध्यक्ष एवं घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण ने बलराज पंवार को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बलराज ने कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास से यह सफलता हासिल की है, जो प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। बलराज पंवार ने बताया कि वियतनाम में हुए मुकाबले में मिली जीत उनके खेल जीवन का अहम पड़ाव है। अब उनका ध्यान आगामी एशियन गेम्स और ओलंपिक 2028 की तैयारी पर केंद्रित है।



बलराज पंवार ने कहा कि यह सब उनके कोचों, भारतीय रोइंग फेडरेशन और परिवार के सहयोग से संभव हुआ है। वे भविष्य में भी देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य को लेकर निरंतर मेहनत करते रहेंगे।

### खेल करियर में अब तक कई उपलब्धियां हासिल कीं

- सीनियर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप में लगातार तीन वर्ष (2023, 2024 और 2025) स्वर्ण पदक।
- नेशनल गेम्स 2023 (गोवा) और 2024 (उत्तराखंड) में दो स्वर्ण पदक।
- एशियन गेम्स में चौथा स्थान।
- एशिया और ओशेनिक ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई किया और भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### रोहित ने दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छाया

# चंदा कर झारखंड खेलने गया, ऊंची कूद मार जीती चांदी

### सिर पर पिता का साया न होने व आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद रोहित ने दिखाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

झारखंड की राजधानी रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक आयोजित चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में यमुनानगर के कांसापुर निवासी रोहित ने शानदार प्रदर्शन किया है। चैंपियनशिप में 2.15 मीटर ऊंची कूद लगाकर रोहित ने सिल्वर पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। पिता का साया न होने व आर्थिक तंगी के बीच सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद रोहित ने यह उपलब्धि अपने जुनून और मेहनत के दम पर हासिल की।



**यमुनानगर।** रोहित दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर पदक लेते हुए।

रोहित ने बताया कि चैंपियनशिप में जाने के लिए उसके पास पैसे भी नहीं थे। पिता के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी। आसपास के कुछ लोगों, दोस्तों और शुभचिंतकों ने मिलकर उसकी मदद की। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. विकास कुमार, कोच चंद्रपाल राणा और उसके साथियों पुनीत गुर्जर, एडवोकेट अमित देशवाल व अंबिका प्लाईवुड ने आर्थिक सहायता प्रदान की। जिससे वह प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंच पाया। रोहित का कहना है कि उसका सपना एक दिन ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने का है ताकि देश और जिले का नाम विश्व स्तर पर चमके। लेकिन उसने अफसोस जताया कि अब तक उसे सरकारी स्तर पर कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है। जिसके कारण प्रशिक्षण और उपकरणों की कमी उसका रास्ता कठिन बना रही है।

### भुवनेश्वर में जीता था गोल्ड

कोच चंद्रपाल राणा ने बताया कि रोहित पिछले कई महीनों से तेजली खेल परिसर में लगातार अभ्यास कर रहा था। उसकी लगन और समर्पण ने उसे आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। कुछ माह पहले ही रोहित ने 26 से 29 दिसंबर 2024 तक भुवनेश्वर आईआईटी में हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में 2.12 मीटर की कूद लगाकर गोल्ड मेडल जीता था।

### अंबाला में कार चालक ने सामने आई मोटरसाइकिल को टक्कर मारी

# युवक की टांग कटकर दूर गिरी, तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

शहजादपुर-अंबाला नेशनल हाइवे 72 पर गांव धनाना के नजदीक दर्दनाक हादसा हो गया। कार चालक ने सामने आई बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर था कि बाइक सवार की आधी टांग कटकर दूर जा गिरी।

आनन फानन में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को अंबाला छावनी के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया। यहां 27 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल बोड़ा खेड़ा के सोहन सिंह ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम को वह व उसके चाचा का लड़का अजय अपनी मोटरसाइकिल से शहजादपुर किसी काम से आए थे। काम खत्म होने के बाद देर शाम वे मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव बोड़ा खेड़ा वापिस जा रहे थे।



- पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

जब वे धनाना गांव के बस स्टैंड से पहले पुल के नजदीक पहुंचे तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल का सीधी टक्कर मार दी।

### दूसरे की हालत गंभीर

टक्कर लगते दोनों मोटरसाइकिल सवार नीचे गिर गए। इसके बाद मौके पर लोग पहुंच गए और डायल 112 भी पहुंच गई। तब घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सोहन सिंह ने बताया कि इलाज के दौरान दुर्घटना में घायल हुए उसके चाचा के लड़के अजय की मौत हो गई है। जांच अधिकारी एएसआई राज कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में घायल अजय की मौत हो गई है। घायल सोहन को सद्दोपुर स्थित एमएम अस्पताल रेफर किया गया था। वहां से उसे चंडीगढ़ सेक्टर 16 अस्पताल में भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। लापरवाह कार चालक की तलाश चल रही है।

## खबर संक्षेप

### घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगी

**तरावड़ी।** शहर के वार्ड नंबर-5 शनि मंदिर के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-5 की रहने वाली पूजा रोज की तरह अपने काम पर आंगनबाड़ी गई हुई थी। घर से निकले हुए उसे 10 मिनट ही हुए थे कि अचानक कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग भडक़ उठी। पड़ोसियों ने जब घर के अंदर से धुआं निकलते देखा तो तुरंत पूजा को सूचना दी। जब पूजा मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि उसका बैड, अलमारी, एल.ई.डी., गद्दे, रजाइयां और बिस्तर सहित पूरा घर का सामान राख में तब्दील हो चुका था। महिला अपने जले हुए घर के सामने फफक-फफक कर रो पड़ी।

### बिजली बोर्ड एसडीओ के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

**घरौंडा।** कर्मचारी यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर बिजली बोर्ड स्थित एसडीओ सिटी घरौंडा के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया पिछले काफी समय से कर्मचारियों की मांगों को लेकर पत्र दिया हुआ है और बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया और ना ही संगठन से कोई भी बातचीत की गई। इस धरने के अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जयकुमार मंच का संचालन सिटी यूनिट सचिव साहिल सैनी द्वारा किया गया। इस धरने पर मुख्य रूप से राज्य कमेटी के सदस्य रमेश कुमार व यूनिट प्रधान संजील कुमार यूनिट सचिव दिनेश शर्मा पूर्व प्रधान बाबूराम ने मुख्य रूप से भागीदारी की गई।

### आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका

**कुरुक्षेत्र।** आत्मनिर्भर भारत को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि भारत के पास विश्व में सबसे ज्यादा युवाओं की कौशलयुक्त फौज हैं यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। ये उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार जनसंचार एवं मीडिया प्रोद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एनीमेशन-2025 कार्यक्रम के समापन अवसर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। कार्यक्रम में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। और उन्हें उज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी।

### लाडो लक्ष्मी योजना के कैंप में 1215 आवेदन

**कुरुक्षेत्र।** डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि नगर परिषद कार्यालय में लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ उठाने के लिए तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में जहां हजारों की संख्या में महिलाओं ने अपने फार्म भरवाए। वहीं यह सुविधा पूरी तरह से निशुल्क पात्र महिलाओं के लिए उपलब्ध करवाई गई। डीएमसी अमन कुमार ने बताया कि सरकार से मिले आदेशों के अनुसार नगर परिषद थानेसर में तीन दिवसीय शिविर 25, 26 व 27 अक्टूबर को लगाया गया। इस कैंप में 3 दिन में करीब 1215 पात्र महिलाओं ने अपने आवेदन जमा करवाए। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों ने शनिवार, रविवार व सोमवार को पात्र महिलाओं के फार्म भरवाए। इसमें उन्हें मोबाइल नंबर पर मैसेज भी मिला कि आपका आवेदन स्वीकार कर लिया गया है।

---

### विधि-विधान से की गई सूर्य उपासना, दिनभर चला पूजा-अर्चना का दौर

# महाछठ पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया, घाटों पर उमड़ा सैलाब

- छठ पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा- अर्चना
- दुधिया रोशनी से चमके घाट श्रद्धालुओं का लगा तांता

छठ पर्व में न केवल उत्तर भारतीय समाज, बल्कि हरियाणवी परिवारों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। शहर के विभिन्न इलाकों में लोगों ने एक-दूसरे के साथ प्रसाद साझा किया और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया,व्रतियों ने घाटों पर दीपदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व पर शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हजारों श्रद्धालुओं ने सूर्य उपासना कर अपने परिवार और समाज की मंगलकामना की। सायंकाल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रातः व्रतियों ने उदयीमान सूर्य को दूध, गंगाजल और फल अर्पित कर पूजा संपन्न की। इस अवसर पर घाटों पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। जलाशयों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर पूजा-अर्चना की और सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। व्रतियों ने 36 घंटे निर्जला व्रत रखकर परिवार की खुशहाली की कामना की। घाटों पर भक्ति संगीत और छठ के पारंपरिक गीतों की गूंज से माहौल भक्तिमय बना रहा। नगर निगम, पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने व्यवस्था संभाली। निगम कर्मचारियों ने घाटों की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की, वहीं पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए। महिला पुलिस कर्मियों को भी घाटों पर तैनात किया गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जल संरक्षण और स्वच्छता के संदेश भी प्रसारित किए गए। "केलवा जे कटनवा ह, तोहरी ली हेजब," "उग हे सूरज देव, अरघ के बेरिया," जैसे पारंपरिक गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा।


करनाल। छठ पर्व के कार्यक्रम में भाग लेते विधानसभा अध्यक्ष।


करनाल। सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा- अर्चना करतीं महिला श्रद्धालु।

#### विधायक ने दी शुभकामनाएं

धिानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने छठ पर्व पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्षद सुधीर यादव, जंग बहादुर यादव, सुरेश कुमार यादव, अर्जुन पंडित, उमेश चौहान, रोहित कुमार, राम दयाल यादव, शत्रुघन राय, भोला राय, मुंशी राय, राजेश्वर, सिकंदर मेहतो, राम विलास यादव, राम सागर, नागेंद्र महतो, नंद किशोर, भूषण राय, अरविंद राय, अशोक यादव, दिलीप कुमार, दिवाकर प्रसाद, वशिष्ठ पंडित, उमा शंकर, अनिल, राम कुमार, बबलू सिंह, राम प्रवेश, राम नारायण, कारी पासवान सतनारायण पंडित, राजन पंडित, राम सकल, अजब लाल, घणश्याम व रणजीत मौजूद रहे।

#### छठ महापर्व: विधानसभा अध्यक्ष ने सूर्य मंदिर में टेका माथा



घरौंडा। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को छठ महापर्व में घरौंडा के हसनपुर पर स्थित सूर्य मंदिर में माथा टेका और ईश्वर से सभी की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने लोगों को छठ महापर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि क्षेत्र के विकास में पूर्वांचल के लोगों का भी योगदान है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि छठ हर्षोल्लास और देश की खुशहाली का महापर्व है जिसे हर साल परंपरागत ढंग से पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने सूर्य मंदिर में माथा टेक कर छठ मैया से सर्व समाज की खुशहाली की कामना की है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्र, हरियाणा और क्षेत्र की तरक्की में पूर्वांचल के लोगों का विशेष योगदान रहा है। लोगों से अपील की कि भविष्य में भी भाईचारा बरकरार रखते हुऐ मिलकर क्षेत्र की प्रगति में योगदान दें।


इंद्री 3 पश्चिमी यमुना नहर पर सूर्यदेव को अर्घ्य देने पहुंची महिलाएं।

## श्रद्धालुओं ने जल मे खडे होकर डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

- छठ पर्व का त्योहार हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है
- इंद्री में छठ पर्व की पूजा को लेकर दिखी श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

सार्वजनिक छठ पूजा सेवा समिति इंद्री की ओर से छठ पूजा का त्योहार पश्चिमी यमुना नहर इंद्री पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सोमवार दोपहर से ही पश्चिमी यमुना नहर पर सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे पहुंचे और छठ पूजा की तैयारी में जुट गए। शाम को महिलाओं ने छठ मैया की पूजा करके डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर संतान की सुख समृद्धि की कामना की। छठ पूजा सेवा समिति के प्रधान अमरजीत ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के लोगों मे छठ पर्व की बहुत ही आस्था है। महिलाएं छठ पर्व पर संतान प्राप्ति की मन्नते मांगती हैं और मन्नत पूरी होने पर छठ पर्व पर 72 घंटे का व्रत रखती हैं उसके बाद शाम को डूबते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देती है अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत खोलती है। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों द्वारा छठ पर्व का त्योहार हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। रात के समय एक विशाल जागरण व भंडारा यमुना नहर के घाट पर ही किया जाता है और इस दौरान लंगर लगातार चलता रहता है। इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने घाट पर पहुंच कर सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं देकर छठ पूजा की। समिति की ओर से विधायक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही इंद्री पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता प्रबंध किए गए। इस मौके पर प्रमोद कुमार, अनिल, जसवंत राय, रामविलास यादव, रामकुमार, सुरेश महतो, संजय, मोनू कुमार, बबलू, रामप्रवेश, लक्ष्मण, राजू महतो, मुकेश चौहान आदि मौजूद रहें।

---

# गेटपास न मिलने से भड़के किसान घरौंडा सर्विस रोड पर लगाया जाम

- मार्किट कमेटी और पुलिस के हस्तक्षेप से खुला जाम, अधिकारियों ने किसानों को



घरौंडाः-27 अक्टूबर कमल धीमान धान खरीद सीजन के बीच सोमवार को देर शाम घरौंडा अनाज मंडी में गेटपास और एंट्री न मिलने से किसानों का गुस्सा फूट पड़ा।

नाराज किसानों ने नेशनल हाइवे के सर्विस रोड पर अपनी ट्रालियां खड़ी कर जाम लगा दिया। अचानक हुए इस विरोध के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई।सूचना मिलते ही पुलिस बल और मार्किट कमेटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर उन्हें शांत करने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की मशक्कत और बातचीत के बाद किसानों को समाधान का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद उन्होंने जाम खोल दिया और स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो गई। धान खरीद सीजन के दौरान घरौंडा मंडी को पिछले तीन दिनों तक बंद रखा गया था, जिससे किसानों में पहले से ही रोष था। सोमवार को मंडी खुलने पर सुबह से ही सैकड़ों किसान अपनी धान से भरी ट्रालियां लेकर अनाज मंडी पहुंचे। मंडी गेट के बाहर दिनभर ट्रालियों की लंबी लाइनें लगी रहीं।

# महान कर्मयोगी इंसान थे डॉ मंगल सेन : लाठर

- डॉ मंगल सेन जंयती पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में की गई पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डॉ मंगलसेन की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा करनाल के मंगल सेन ऑडिटोरियम के प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. मंगल सेन महान कर्मयोगी इंसान थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा आज जिस मुकाम पर है उसके पीछे डा. मंगल सेन का संघर्ष रहा है। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर 1927 को डा. मंगल सेन का जन्म सरगोधा के झांवरिया गांव में हुआ था, जो आज पाकिस्तान में है। जिलाध्यक्ष ने डॉ. मंगल सेन को राजनीतिक शुचिता का प्रतीक बताते हुए कहा कि डॉ. मंगल सेन का व्यक्तित्व निर्भीक और सत्यनिष्ठा से परिपूर्ण था। इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को डॉ. मंगल सेन के जीवन से प्रेरणा लेकर संस्कारी बनने और सामाजिक सरोकारों से जुडऩे का आह्वान करते हुए डॉ. मंगल सेन को सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्र में एक अद्वितीय योगदानकर्ता बताया।


करनाल। डॉ मंगलसेन की जयंती मनाते हुए भाजपा के नेता एवं कार्यकता।

#### योगदान को किया याद

विधायक ने कहा कि डॉ. मंगल सेन सत्य और सेवा का प्रतीक बताते हुए कहा कि डॉ. मंगल सेन जन नेता और हरियाणा के लोकप्रिय नेता के शिक्षा क्षेत्र में डॉ. मंगल सेन के अमूल्य योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर मुख्य तौर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, करनाल विधायक जगमोहन आनंद,पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला महामंत्री मानव पुरी, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका काठपाल, संयोगिता गुप्ता, जिला सचिव संतोष पाल,कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, उपाध्यक्ष आकाश अरोड़ा, चेयरमैन शिवनाथ कपूर, पार्षद संकल्प भंडारी, मनमीत बावा,अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना,युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी,निर्मल बहल, ईलम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# दून स्कूल में साइबर क्राइम को लेकर किया जागरूक

- कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सहजता और आत्मविश्वास के साथ किया

छात्र हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दून इंटरनेशनल स्कूल करनाल में सतर्कता सतर्क रहने के फायदे और नुकसान तथा इसका समाज पर प्रभाव विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत वाद-विवाद (डिक्लेमेशन) प्रतियोगिता का प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी हैडक्वार्टर करनाल संदीप कुमार, एच.पी.एस. रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी भी सांझा की। कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार और जसबीर सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और स्कूल के बच्चों को सम्बोधित भी किया। दून इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्राओं दृष्टि उप्पल, भारती, अंशिका, गिरिशा और जन्मी ने सतर्कता विषय पर अपने विचार भाषण के रूप में पूर्ण आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किए, वहीं गुंजन ने पूरे कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सहजता और आत्मविश्वास के साथ किया।



करनाल। बच्चों को संबोधित करते हुए डीएसपी हैडक्वार्टर करनाल संदीप कुमार।

#### छात्रों को किया प्रेरित

कार्यक्रम का समुचित संयोजन वरिष्ठ शिक्षकों सुश्री गीतांजलि गिरधर, रोहित बतान, सुश्री पूनम मल्होत्रा और सुश्री कुसुम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दून इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलजिंदर मोहन सिंह बाठ ने महाग्रंथ गीता में से भगवान श्रीकृष्ण के प्रेरणादायक संदेश को उद्धृत करते हुए सतर्कता की स्थितप्रज्ञ भाव से तुलना करते हुए अत्यंत प्रभावी तरीके से अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया, तत्पश्चात उन्होंने मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए विद्यार्थियों को भगवद् गीता के अन्य सन्दर्भों से भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से सम्पन्न हुआ।

# जननायकऔर कर्मयोद्धा राष्ट्रभक्त थे डॉ. मंगल सेन : राम पाल सैनी

भूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डी.ए.वी. कॉलेज करनाल के प्राचार्य एवं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति प्रो. (डॉ.) राम पाल सैनी ने सोमवार को पूर्व उप-मुख्यमंत्री डॉ. मंगल सेन की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. मंगल सेन ने अपने राजनीतिक जीवन में हरियाणा राज्य के विकास और समाज कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। प्रो. सैनी ने बताया कि डॉ. मंगल सेन का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था। वे वर्ष 1977 से 1979 तक हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और सिंचाई के क्षेत्रों में नीतिगत सुधारों पर बल दिया। वे प्रदेश में सादगीपूर्ण जीवनशैली और जनसंपर्क आधारित राजनीति के लिए जाने जाते थे। प्रो. सैनी ने कहा कि डॉ. मंगल सेन ने अपने सार्वजनिक जीवन में सामाजिक समानता, शिक्षा के प्रसार और आर्थिक आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने पिछड़े वर्गों, महिलाओं और ग्रामीण युवाओं के सशक्तिकरण के लिए कई पहल कीं। उनके प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को प्रोत्साहन मिला।

#### समाजहित में मंगल सेन का योगदान बताया



प्रो. सैनी ने बताया कि डॉ. मंगल सेन ने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह और छुआछूत के विरोध में जन-जागरूकता अभियान चलाए। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनसहभागिता को प्राथमिकता दी। अंत में प्रो. सैनी ने कहा कि डॉ. मंगल सेन के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

---



तरावड़ी। कार्यक्रम भाग लेते तरावड़ी स्कूलों के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

#### रामायण की चौपाइयों से गूंज उठा एसएमएस मेमोरियल

**तरावड़ी।** एस. एम. एस. पब्लिक स्कूल में हब ऑफ लर्निंग के तहत रामायण की चौपाइयों के गायन का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय बी. वी. एम. स्कूल, श्री गुरु तेग बहादुर विद्यालय, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एस. एम. एस. स्कूल, प्रताप पब्लिक स्कूल, सरस्वती पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी मधुर वाणी में सुंदर चौपाइयां प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह की भावना छा गई। बच्चों ने जब मंच संभाला, तो पूरा वातावरण भक्ति रस से भर उठा। किसी ने मधुर स्वर में सीता राम चरन रति मोहि कहौ जैसी चौपाइयाँ गाईं, तो किसी ने रघुकुल रीति सदा चली आई जैसी चौपाइयों से सबका मन मोह लिया। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपने मधुर स्वर में रामायण की चौपाइयों का ऐसा सुमधुर गायन किया कि पूरा सभागार जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

### करनाल से भेजे गए बीज व खाद के दो ट्रक, डीजल सहयोग के लिए 3.50 लाख एकत्र

# पंजाब के किसानों की सेवा में कार सेवा दिल्ली का बड़ा योगदान : पन्नू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंथ रत्न सचखंड वासी बाबा हरबंस सिंह जी कार सेवा दिल्ली द्वारा वरोसाये बाबा बचन सिंह, बाबा महिंदर सिंह, बाबा सुखा सिंह और बाबा सुरिंदर सिंह की अगुवाई में पंजाब के किसानों के लिए चलाई जा रही विशाल सेवा निरंतर जारी है। इसी सेवा के अंतर्गत आज डेरा कार सेवा करनाल से गांव दरड़ व बड़ा गांव की संगत द्वारा भेजे गए बीज व खाद के दो ट्रक पंजाब के डेरा बाबा नानक बॉर्डर एरिया के लिए रवाना किए गए। ट्रक रवाना करते हुए बाबा सुखा सिंह जी ने बताया कि कार सेवा दिल्ली ने डेरा बाबा नानक क्षेत्र की तीन हजार एकड़ भूमि की जिम्मेदारी लेकर वहाँ गेहूँ की बिजाई का कार्य प्रारंभ किया है। खेतों को तैयार करने के लिए ट्रैक्टरों के साथ-साथ अब तक 16 ट्रक बीज व खाद भी दिल्ली कार सेवा की विभिन्न शाखाओं से भेजे जा चुके हैं। यह सारा सामान रमदास क्षेत्र स्थित डेरा कार सेवा में एकत्र किया जा रहा है, जहाँ से इसे किसानों में वितरित किया जा रहा है। साथ ही किसानों को डीजल भी उपलब्ध करवाया जा रहा है ताकि उनकी खेती का कार्य निर्बाध रूप से चल सके।


पंजाब के किसानों के लिए बीज व खाद के दो ट्रक करनाल डेरा कार सेवा से रवाना करते हुए।

#### किसानों की रही अहम भागेदारी

इस सेवा में हरियाणा के किसानों ने भी बढ़-चढकर योगदान दिया है। गांव गोगड़ीपुर के किसानों ने 3.50 लाख रुपये का सहयोग दिया है। यह राशि डेरा कार सेवा के मार्गदर्शन में स्वयं जाकर किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये की दर से डीजल सहायता के रूप में प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य पलविंदर सिंह दरड़ व इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नू ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित पंजाब की खेती को दोबारा पटरी पर लाने के इस पवित्र कार्य में बाबा बचन सिंह, बाबा महिंदर सिंह, बाबा सुखा सिंह और बाबा सुरिंदर सिंह का अमूल्य योगदान है। उन्होंने गांव दरड़, बड़ा गांव और गोगड़ीपुर की संगत का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गांव दरड़ से पलविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह सरपंच, अमरीक सिंह चीमा, रछपाल सिंह चीमा, इंद्रजीत सिंह कंग, बड़ा गांव से साहिब सिंह संधू, गुरमीत सिंह, गुरलाल सिंह तथा गांव गोगड़ीपुर से सुरेंद्र मास्टर, राजेश मान, दविंदर शर्मा, दीपक मान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भाषण देने में मनीष रही प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वहीं, राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा उप प्राचार्या डॉ. किरण मदान ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीष, लक्ष्य व गीता द्वितीय, तृतीय स्थान पर शिवानी रही। इस अवसर पर प्रो. खुशबू, प्रो. पूजा और प्रो. कुलदीप शर्मा प्रो.राहुल कुमार व साक्षी आदि उपस्थित रहे।

### राससे की जिलाध्यक्ष बनी सीमा जून

**पानीपत।** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की पानीपत महिला इकाई में बड़े फेरबदल के साथ अध्यक्ष सीमा जून को बनाया गया है। जबकि पूनम पुनिया एवं सपना रानी को उपाध्यक्ष, मेघा तनेजा महासचिव एवं मीनू अहलावत कोषाध्यक्ष होंगी। यह जानकारी राष्ट्रीय सनातन सेना भारत की हरियाणा प्रभारी एवं महिला इकाई की अध्यक्ष बबीता सिंह ने दी।

### जनसेवा करे अधिकारीः कुमार

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया जनता समाधान शिविर में एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि जनता को हर स्तर पर राहत मिले। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में देरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी कम से कम समय में अधिकतम शिकायतों का समाधान करें, ताकि जनता का भरोसा प्रशासन पर और मजबूत हो।

### पट्टी कल्याणा में 29 को रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**पानीपत।** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने बताया कि पानीपत जिला प्रशासन द्वारा गांव पट्टी कल्याणा में 29 अक्टूबर को रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। वहीं, सभी विभागों के अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहेंगे व केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध करवाएंगे।

### लक्ष्मी योजना का लाभ लें नारी

**पानीपत।** हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने को लेकर संकल्पित है। महिलाओं के उत्थान को लेकर सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू करते हुए उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी।

### पेंशनरों से जीवन प्रमाण मांगा

**पानीपत।** जिला खजाना अधिकारी हजारा सिंह ने बताया कि खजाना कार्यालय पानीपत एवं अधीनस्थ उप खजाना कार्यालय बापौली, समालखा, मडलौडा एवं इसराना में हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त पेंशनरों द्वारा आगामी माह अर्थात नवंबर में ऑनलाइन माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र, गैर विवाह प्रमाण पत्र एवं गैर-रोजगार प्रमाण पत्र जमा किए जाने हैं।

### प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन रहा प्रथम

**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में अंतरसदन गणित क्विज प्रतियोगिता करवाई। वहीं, प्रथम स्थान विवेकानंद सदन, द्वितीय स्थान नेहरू सदन तथा तृतीय स्थान टैगोर सदन ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा व उपप्रधानाचार्या अनुभा गुप्ता ने सम्मानित किया।

### जैन किड्स स्कूल ने मेडल जीते

**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रजत, अनुराग, मनित, देव, इकरूत, माधव, अबू रिजवान, जयना ने कांस्य पदक जीते। जबकि शैरिक, अर्नव, जियांश, समायरा, जायशा ने रजत पदक जीते।

## श्री सनातन संस्कृति को अपनाएं युवा वर्ग : डॉ. नैन

# डाहर के 643 साल पुराने मंदिर में महादेव के त्रिशूल की स्थापना की

**इस पावन अवसर पर गाम-राम ने कलश शोभायात्रा निकाली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि सोमवार को श्री 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती व हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री के बड़े भाई हरपाल ढ़ाडा, भारतीय कुश्ती संघ प्रोटोकॉल अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा के साथ बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने गांव डाहर के 643 वर्षीय प्राचीन मंदिर महादेव के त्रिशूल की स्थापना की है।



पानीपत। गांव डाहर के प्राचीन मंदिर में भजन गायन करते हुए सनातन धर्म प्रेमी।

वहीं, हरपाल ढांडा व स्वामी दयानंद सरस्वती ने बताया कि भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार 12 ज्योतिर्लिंग, चारधाम और 12 शक्तिपीठों की महासंगम यात्रा के उपरांत सिद्ध महादेव के त्रिशूल की स्थापना की गई है। इस पावन अवसर पर गाम-राम ने कलश शोभायात्रा निकाली।

**सनातन को बढ़ावा मिलेगा**

डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि स्विट्जरलैंड में भी भारतीय संस्कृति व सभ्यता को बढ़ावा देने के लिए महादेव के त्रिशूल की स्थापना की जा चुकी है। वहीं, मंदिर कमेटी के प्रधान रमेश शर्मा ने बताया कि मंदिर में महादेव के त्रिशूल की स्थापना होने से जनता में भगवान शिव के प्रति आस्था बढ़ेगी, सनातन संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होगी। इस अवसर पर श्याम जागरण पार्टी मंच सफीदों से श्याम लाल, हरियाणावी कलाकार अन्नू चौधरी ने अपने साथियों के साथ भ्गवान शिव-पार्वती का भजनों से गुणगान किया।

# सनातन को बढ़ावा देगा हिंदू जन जागृति मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

हिंदू जन जागृति मंच प्रदेश कार्यालय में हवन करके भारत में सनातन धर्म संस्कृति और सभ्यता को बचाने का और सनातन विरोधी जो कानून बनाए गए हैं उनके खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया। हिंदू जन जागृति मंच हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष विकास ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति और सभ्यता के पथ पर चल कर सुख समृद्धि व शांति मिलती है।

**सनातन धर्म संस्कृति और सभ्यता के पथ पर चल कर रही सुख समृद्धि व शांति मिलती है**



समालखा। हिंदू जन जागृति मंच के पदाधिकारीगण यज्ञ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**मौके पर ये मौजूद रहे**

*इस अवसर पर पंडित सूरत सिंह, कृष्ण छोक्कर, चौधरी वेद, सरपंच भुवनेश, सरपंच मनीष छोक्कर, बबलू छोक्कर, कलम सिंह छोक्कर, सरदार सतवंत सिंह, जगतार बिल्ला, शंकर दत्त, मुकेश पवार, श्यामलाल, मोनू शर्मा, पंडित शीशपाल, वीरेंद्र सिंह, प्रताप सिंह,धीरज छोकर, रविंदर छोक्कर, कप्तान सिंह छोक्कर, विपिन छाबड़ा, विकास, नारायण, राम सिंह गोस्वामी, शिवदयाल, अजय पंडित, सत्यनारायण, नरेश,रामदास आदि उपस्थित रहे।*

### शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, सोमवार को सेमिनार का आयोजन कर डीएसपी सतीश वत्स ने समाज में पुलिस की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दे अवगत कराया। इस अवसर पर पानीपत बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र ढुहन, गौरव लीखा प्रधान इंसार बाजार, निशांत सोनी मैन बाजार, संजय वर्मा स्वर्णकार सभा, सुनील सिंगला गुड़ मंडी बाजार, राम नारायण, मेराज हसन साबरी आदि उपस्थित रहे।

## नशा तस्कर को पांच साल की कैद

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी सूरजमल पुत्र कुरडियाराम बावरिया निवासी लोढा बस्ती, मनाना रोड, समालखा को दोषी करार देते हुए पांच साल के कठोर कारावास व पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, जुर्माना नहीं देने पर सूरजमल को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि उप जिला न्यायवादी कुलदीप ढुल ने आरोपी सूरजमल के खिलाफ अदालत में सशक्त पैरवी की। वहीं, थाना समालखा पुलिस ने सूरजमल को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ 28 जनवरी 2020 को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

- पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई

# पानीपत रिफाइनरी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



पानीपत। रिफाइनरी के ईडी एमएल डहरिया सतर्कता थीम का पोस्टर जारी करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। वहीं, आयोजन केंद्रीय सतर्कता आयोग की थीम "सतर्कताः हमारी साझा ज़िम्मेदारी" के अनुरूप है, जो एक भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के निर्माण में नागरिकों की सामूहिक भूमिका को रेखांकित करता है। इधर, उद्घाटन समारोह ईडी एंड आरएच कांफ्रेंस रूम में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता एमएल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने की। इस अवसर पर अजय कैला, कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप), वरिष्ठ अधिकारी, तथा इंडियन ऑइल ऑफिसर्स एसोसिएसन और आईपीआरईयू के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। वहीं, डहरिया ने इस अवसर पर ईमानदारी की शपथ दिलाई और कहा कि भ्रष्टाचार का उन्मूलन एक साझा मिशन है, जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति में ईमानदारी, प्रतिबद्धता और पारदर्शिता आवश्यक है।

**स्वागत भाषण दिया**

सतर्कता केवल अनुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जीवनशैली है जो जागरूकता और आत्म-अनुशासन पर आधारित है। गौतम प्रिया, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) ने स्वागत भाषण दिया। अरशद हुसैन, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) और चेतन कांबले, वरिष्ठ प्रबंधक भी उपस्थित थे। इस अवसर पर आइना शीर्षक से लघु फिल्म जारी की गई, जिसका निर्देशन नवज्योति बोरा, मुख्य महाप्रबंधक ने किया था। कार्यक्रम में सतर्कता थीम पर आधारित द्विभाषी पोस्टर जारी कर सतर्कता रथ को रवाना किया गया।

### विकास हत्याकांड में दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने कवि गांव निवासी विकास उर्फ विक्की की हत्या मामले में गांव मतलौडा निवासी राकेश व करनाल जिला के गांव खेड़ी मुनक निवासी जुगजीत को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए थ्री प्रभारी विजय ने बताया कि इस केस की पूरी जानकारी लेने के लिए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। स्मरणीय है कि इस मामले में थाना मतलौडा में खुखराना गांव निवासी भीम सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### जवानों की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया

**पानीपत।** पुलिस लाइन में सोमवार को जवानों की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने परेड की सलामी ली। सलामी उपरांत उन्होंने परेड का निरीक्षण कर जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेड में सभी पुलिकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दोड़ और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाई गई।

# भाकियू ने प्रदर्शन कर धान की ढेरी जलाकर समर्थन मूल्य मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा की नई अनाज मंडी में पीआर धान की सरकारी खरीद बंद होने के विरोध में सोमवार को भाकियू ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सहकारी विपणन समिति के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया और कार्यालय के बाहर पड़ी धान की ढेरी पर तेल छिड़ककर आग लगा दी। भाकियू के जिला प्रधान सूरजभान रावल ने बताया कि पिछले आठ दिनों से पीआर धान की सरकारी खरीद ठप पड़ी हुई है। आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियों और आढ़तियों की मिलीभगत से किसानों की धान मात्र 1900 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जा रही है, जबकि सरकारी समर्थन मूल्य 2369 व 2389 रुपये तय है। इससे किसानों को प्रति क्विंटल करीब 469 रुपये का नुकसान हो रहा है। रावल ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए भटकना पड़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पीआर धान की खरीद सुचारू रूप से शुरू नहीं की गई और समर्थन मूल्य पर भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया, तो भाकियू बड़ा आंदोलन करेगी।

- कार्यालय के बाहर पड़ी धान की ढेरी पर तेल छिड़ककर आग लगा दी



पानीपत। समालखा की अनाज मंडी में धान की ढेरी जलाते हुए भाकियू नेता व कार्यकर्ता।

**हैफेड कार्यालय को ताला लगा दिया**

हैफेड के मैनेजर आजाद सिंह ने बताया कि भाकियू ने हैफेड कार्यालय को ताला लगा दिया और धान की ढेरी में आग लगा दी। आश्वासन दिया कि एजेंसियां आते ही खरीद शुरू कर दी जाएगी। वहीं, समालखा पुलिस भी किसानों के आंदोलन के चलते मंडी में गश्त करती रही। इधर, आंदोलन में भाकियू के प्रदेश महासचिव हरेंद्र राणा, सुखबीर आट्टा, ब्लॉक प्रधान आजाद सिंह काला महावटी, राजबीर मलिक, सोमदत्त आदि किसान नेताओं ने भाग लिया।

## भारतीय टीम ने रग्बी एमेरिटस सेवन ट्रॉफी में सिल्वर मेडल जीता




पानीपत । ओमान में तिरंगा लहराते हुए भारतीय रग्बी टीम। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ओमान की राजधानी मस्कट में आयोजित हुई एशिया रग्बी एमेरिटस सेवन ट्रॉफी में भारतीय पुरुष टीम ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। वहीं भारतीय टीम ने सिल्वर मेडल जीतकर पहली बार डिवीजन वन के लिए क्वालीफाई किया है। इस उपलब्धि के लिए हरियाणा रग्बी की तरफ से हिसार अध्यक्ष प्रवीण उड़ान, राजू कनोह, नीरज वर्मा, जींद रग्बी से अध्यक्ष सुरेश अहलावत, सचिव मुनीत बेरवाल, कोषाध्यक्ष सुशील ढांडा, पानीपत रग्बी से अध्यक्ष बबीता सिंह, सचिव अभिषेक, कोषाध्यक्ष अजय मलिक, चरखी दादरी से मेहरचंद सांगवान, कुरुक्षेत्र से मणि कुमार, बबीता शर्मा, कैथल से विजय कुमार, कृष्ण सिंहरोहा, रोहतक से नवजोत सिंहमार, भिवानी से विनोद एवं रोहित वर्मा व पूर्व भारतीय कप्तान विकास खत्री छोटू ने विजेता टीम को बधाई दी है।

**भारतीय टीम ने सिल्वर मेडल जीतकर पहली बार डिवीजन वन के लिए क्वालीफाई किया**

## न्यायवादी कुलदीप ढुल को मिला पानीपत गौरव अवार्ड



पानीपत । दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारीगण उप जिला न्यायवादी कुलदीप ढुल को सम्मानित करते हुए।

**पानीपत।** हरियाणवीं लोक कला एवं संस्कृति के प्रचार प्रसार को समर्पित संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट हरियाणा द्वारा एसडी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उप जिला न्यायवादी कुलदीप ढुल को पानीपत गौरव अवार्ड देकर सम्मानित किया। स्मरणीय है कि उप जिला न्यायवादी कुलदीप ढुल द्वारा अदालत में नशा तस्करों के खिलाफ सशक्त पेरवी की जाती है और परिणामस्वरूप नशा तस्करों को अदालत सख्त सजा देता है। संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट हरियाणा द्वारा सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया जाता है।

- अदालत में नशा तस्करों के खिलाफ सशक्त पेरवी की जाती है

## ज्ञान पंचमी पर जैन साध्वियों विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया



पानीपत। जिनवाणी स्कूल के जैन साध्वी, विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ज्ञान पंचमी के शुभ अवसर पर सोमवार को जैन स्थानक से पधारी महा साध्वी श्री अनुप्रेक्षा जी एवं साध्वी स्मृति जी ने अपने करकमलों से जिनवाणी विद्या भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को आशीर्वाद स्वरूप उपहार प्रदान किए। साध्वी श्री अनुप्रेक्षा जी एवं साध्वी स्मृति जी ने बच्चों को ज्ञान, संयम, सदाचार और संस्कृति के महत्व पर प्रेरणादायक प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सच्चा ज्ञान वही है जो मनुष्य के जीवन को प्रकाशमान करे और उसे सही दिशा में आगे बढ़ले की प्रेरणा दे। प्रधानाचार्या एवं प्रबंधन समिति ने साध्वी श्री अनुप्रेक्षा जी और साध्वी स्मृति जी का स्वागत किया पावन सान्निध्य के लिए कृतज्ञता व्यक्त की।

- सच्चा ज्ञान वही है जो मनुष्य के जीवन को प्रकाशमान करे और उसे सही दिशा में आगे बढ़ले की प्रेरणा दे

## दर्शना रानी की आंखें दान की



पानीपत। जन सेवा दल के पदाधिकारी, स्व .दर्शना देवी के परिजनों को प्रमाण पत्र भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**समालखा।** समालखा की ब्लूजे रोड कृष्णा कॉलोनी निवासी 84 वर्षीय दर्शना रानी का आकस्मिक निधन हो गया। वहीं परिजनों ने मानवता की सेवा को दर्शना देवी के नेत्रों का दान करवाया। वहीं, जन सेवा दल के सचिव पंकज अरोड़ा गोल्डी ने बताया कि दिवंगत दर्शना के पुत्र गुलशन जुनेजा की प्रार्थना पर माधव नेत्र बैंक के डॉ. एवं जन सेवा दल के अध्यक्ष कृष्ण मनचंदा चमन लाल गुलाटी कपिल विकास साहू एवं जन सेवा दल के प्रधान कुलभूषण अरोड़ा ने आंखों का दान लिया। इधर, चमन लाल गुलाटी ने स्वर्गीय दर्शना रानी की पुत्र गुलशन, अनीता रानी, रानी जुनेजा, सचिन जुनेजा, रवि जुनेजा, पूनम अंकुर नारंग आदि को प्रमाण पत्र भेंट किया।

- प्रमाण पत्र भेंट किया

**जयंती** | भाजपाइयों ने जयंती पर पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. मंगल सेन को श्रद्धांजलि दी

# जनता की निष्काम सेवा कर रही है भाजपा सरकारः नवीन

**हरियाणा में भाजपा आज जिस मुकाम पर है उसके पीछे डा. मंगल सेन का संघर्ष है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. डा. मंगल सेन को उनकी जयंती पर भाजपा के दक्षिण शहरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने दक्षिण शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा के कार्यालय में डा. मंगल सेन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मंगल सेन महान कर्मयोगी इंसान थे। भाजपा सरकार जनता की निष्काम सेवा कर रही है। हरियाणा में भाजपा आज जिस मुकाम पर है उसके पीछे डा. मंगल सेन का संघर्ष है। भाटिया ने कहा कि डा. मंगल सेन ने बिना भेदभाव के हर वर्ग को साथ ले और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावादेने के लिए स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना करवाई।

**स्कूलों और कॉलेजों की स्थापना करवाई**



पानीपत। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन नैन आदि डा.मंगलसेन को जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो :हरिभूमि

**ये मौजूद रहे**

डा.मंगलसेन को पूर्व जिला महामंत्री रविंद्र भाटिया, पूर्व पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष विजय सहगल, सुमित त्यागी, हिमांशु वीरमणि, रोहतास देशवाल, पार्षद अमित नारंग, विकी बत्रा, संदीप मलिक, सुमित तेहरी, देवांशु वर्मा, मनीष बरेजा, राजेंद्र सपड़ा, अरुण पसरिचा, सुमित वीरमणि, विक्की कत्याल, परविंदर तनेजा, उत्तरी शहरी मंडल अध्यक्ष हिमांशु कटारिया, राजेंद्र हलदाना आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## डिडवाडी गांव में लगे कूडे के ढेर

**पानीपत।** पानीपत के गांव डिडवाड़ी में कूड़ा-करकट डालने के लिए उचित स्थान नहीं होने के कारण ग्रामीण जगह जगह कूडा डाल रहे है। वहीं जगह जगह कूड के ढेर लगने के चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इधर, गांव डिडवाड़ी की सरपंच सीमा देवी के ससुर रण सिंह नंबरदार ने बताया कि गांव में पार्टीबाजी और पंचायत की आय का कोई साधन न होने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्राम पंचायत ने बीडीपीओ कार्यालय से बार-बार कूड़ा डालने के लिए जगह उपलब्ध कराने की अपील की है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।

## बाबा बंदा के जयंती पर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

चौधरी देवीलाल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में बाबा बंदा बहादुर की 355 वीं जयंती पर उन्हें जहां भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इधर, इतिहास विभाग की प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने बाबा बंदा बहादुर के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक कार्यों के बारे में बताया और इतिहास विभाग की प्रो. रितु मलिक ने बाबा बंदा बहादुर के जीवन की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, सेमिनार में प्रधानाचार्य डॉ सुमन लता, प्रो. रितु, प्रो. अनु, प्रो. रीना, प्रो. पूनम, प्रो. प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

- बाबा बंदा बहादुर के जीवन की विस्तार से जानकारी दी

## खबर संक्षेप

### 72 पव्वे अवैध देसी शराब सहित आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र की मोची मंडी के पास से अवैध शराब तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी सौरभ को 72 पव्वे अवैध देसी शराब सहित काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी सौरभ को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 72 पव्वे देशी शराब जब्त किए गए हैं। उसके खिलाफ एक्ससाइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया गया है।

### धमकी देने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रवीण कुमार व सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। गांव झीरीवाला के रामपाल ने 26 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव झीरीवाला में आरोपी प्रवीण कुमार, सुनील कुमार व अन्य ने उस पर लाठी, कस्सी व डंडों से हमला कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### मारपीट करने का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी निवपाल सिंह उर्फ टाइगर को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 26 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 सितंबर 2025 को गांव जनसुई में आरोपी निवपाल सिंह व अन्य ने उसका रास्ता रोककर तलवार से चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उसकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज लाखों रूपये की धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस दल ने आरोपी हरबंस सिंह व मुख्तयार सिंह उर्फ मिंटू को गिरफ्तार किया है। अदालत ने आरोपी को 2 दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपियों से 1 लाख 66 हजार की नकदी बरामद की गई। कालाअंब के अशोक कुमार ने 4 सितंबर 2025 को में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 16 जून 2025 को आरोपी हरबंस सिंह, मुख्तयार सिंह व अन्य ने फर्जी ब्याना लिखकर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी कर जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार उर्फ टांडा को गिरफ्तार किया है। डेराबस्सी के रहने वाले राकेश ने 26 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सतीश कुमार उर्फ टांडा ने अग्रसेन चौक के पास से एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैनकार्ड व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

---

### परिवहन व उर्जा मंत्री ने कार्यक्रम को किया संबोधित

# छठ पूजा के लिए पूर्वांचलियों को मिलेगा पक्का तालाब: विज

मंत्री को स्मृति चिह्न देकर समिति सदस्यों ने सम्मानित भी किया, घोषणा पर लोगों ने मंत्री अनिल विज जिंदाबाद नारे लगाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन व उर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि "मैं आपको छठ पर्व की शुभकामनाएं देने आया हूं। लोग सारा साल इस पर्व का इंतजार करते हैं। उन्होंने देखा कि कितनी श्रद्धा के साथ लोग यह पर्व मनाते हैं। विज सोमवार देर शाम टांगरी बांध के निकट चंद्ररूप नगर में मिथिलांचल नवयुवक सेवा समिति द्वारा छठ पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समिति सदस्यों द्वारा छठ पूजा के लिए पक्का तालाब बनाए जाने की मांग पर अपने स्वैच्छिक कोष से पक्का तालाब बनाने की घोषणा की। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री अनिल विज का जोरदार स्वागत किया गया।



अंबाला। छठ पर्व पर मंत्री अनिल विज का अभिनंदन करते पूर्वांचल के लोग। फोटो: हरिभूमि

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

विज ने कहा कि यह पर्व एक दिन का पर्व नहीं होता बल्कि तीन-चार दिनों तक चलने वाले पर्व है जिस दौरान अनुष्ठान होते हैं, व्रत रखते जाते हैं और सूर्य को अर्घ्य दिए जाते हैं। इसके अलावा अन्य कई प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अभी मिथिलांचल समिति सदस्य बता रहे थे कि उन्हें छठ पूजा के लिए पक्का तालाब चाहिए। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि समाज के लोग कहीं पर भी तालाब के लिए जगह ढूंढ लें। वह वहां पर अपने स्वैच्छिक कोष से पक्का तालाब बनाकर देंगे। इसके लिए जो राशि होगी वह प्रदान करेंगे। इस घोषणा से मौके पर मौजूद लोगों ने मंत्री अनिल विज जिंदाबाद नारे लगाए। इस दौरान मंत्री को स्मृति चिह्न देकर समिति सदस्यों ने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के दौरान मिथिलांचल समिति सदस्य रवि जाट, बिपिन, अशोक, लक्ष्मी, अरूण यादव, लक्ष्मी, पंकज, भगवानदास, राजकुमार, बालेश्वर साहनी, जितेंद्र साहनी, संजय के अलावा भाजपा नेता प्रवेश शर्मा, संजीव अत्री, सोमनाथ, राजीव डिंपल, नरेंद्र राणा, मदनलाल शर्मा, विजेंद्र चौहान, गौरव सैनी भी मौजूद रहे।

---

### किशोरी के शव की तलाश के लिए चला सर्च अभियान

**मुलाना।** किशोरी माही हत्याकांड में पुलिस ने आरोपी सचिन की निशानदेही पर यमुनानगर के सुखपुरा गांव के पास से गुजर रही पश्चिम यमुना में सर्च अभियान चलाया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया था कि उसने माही का शव इसी नहर में फेंका था। पुलिस टीम के साथ गोताखोरों की पांच सदस्यीय टीम भी मौके पर मौजूद रही। सुबह से शुरू हुआ यह अभियान करीब पांच घंटे तक चला। गोताखोरों ने नहर में गहराई तक शव की तलाश की लेकिन कोई ठोस सबूत या अवशेष बरामद नहीं हो सका। बता दें कि माही की हत्या को हुए लगभग डेढ़ साल बीत चुका है। ऐसे में शव या अन्य सबूतों का नहर से मिल पाना अब लगभग असंभव है। इस अवधि में दो बार बरसाती सीजन आने से नहर कई बार उफान पर आई होगी। इससे पानी का बहाव तेज होने के कारण किसी भी सबूत का बचे रहना मुश्किल है।

- गोताखोरों को तलाश के दौरान नहीं मिला कोई सबूत

#### जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि पुलिस सचिन को लेकर मौके पर पहुंची थी। सर्च ऑपरेशन के बाद दोपहर तीन बजे टीम वहां से वापस लौटी। पुलिस अब सचिन के ब्यानों की अन्य पहलुओं से पुष्टि करने और घटनास्थल से जुड़ी परिस्थितियों की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि आरोपी सचिन रिमांड पर है। सोमवार को नहर में गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान भी चलाया गया।

---



अंबाला। सैलून सेंटर से पकड़े गए लोगों को लेकर आती पुलिस। फोटो: हरिभूमि

### सैलून में चल रही थी गैरकानूनी गतिविधियां

# गोल्डन ऐरा सैलून पर पुलिस की रेड तीन महिलाओं समेत सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने सोमवार को नारायणगढ़ रोड स्थित गोल्डन ऐरा सैलून एंड थैरेपी सेंटर पर रेड की। सेंटर में गैरकानूनी गतिविधियां चलाने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं और 4 पुरुषों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि सैलून की आड़ में यहां पर गैरकानूनी कार्य किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से कई आपत्तिजनक और संदिग्ध वस्तुएं भी बरामद की हैं। यह कार्रवाई डीएसपी वीरेंद्र सिंह के निर्देश पर बलदेवनगर पुलिस की टीम ने की। टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी धर्मवीर ने किया। पुलिस को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं किगोल्डन ऐरा सैलून एंड थैरेपी सेंटर में थैरेपी के नाम पर अनुचित गतिविधियां चल रही हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने पहले अपने स्तर पर जांच की। पुख्ता सबूत हाथ लगे तो दबिश दी गई। पुलिस के पहुंचते ही सेंटर में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कई लोग वहां से भागने की कोशिश करने लगे लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी को मौके पर ही पकड़ लिया। तीन महिलाओं समेत कई व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस ने कई वस्तुएं, रजिस्टर और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

#### दस्तावेजों की पड़ताल

उन्होंने यह भी बताया कि सेंटर के मालिक और संचालक की भूमिका की जांच की जा रही है। यदि पाया गया कि यह सब उनकी जानकारी या मिलीभगत से चल रहा था, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सेंटर को फिलहाल सील कर दिया है। सभी दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। डीएसपी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस तरह के सेंटरों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा- "अवैध कार्यों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति या संस्था किसी वैध व्यवसाय की आड़ में गैरकानूनी काम करती है।

---



अंबाला। प्रवचन करती जैन साध्वियां। फोटो: हरिभूमि

### जैन साध्वियों ने श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# पति-पत्नी का रिश्ता आत्मिक भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक

- श्रद्धालुओं ने धर्मसभा में पहुंचकर प्रवचन का लाभ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

एसएस जैन स्थानक में चल रहे पावन चातुर्मास के अंतर्गत साध्वी रत्ना सुवृद्धि एवं साध्वी सात्विक के सान्निध्य में प्रवचन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्मसभा में पहुंचकर प्रवचन का लाभ उठाया। यहां प्रभावना श्रीपाल जैन और उनके परिवार की ओर से वितरित की गई। अपने प्रवचन में साध्वी रत्ना सुवृद्धि ने पति-पत्नी के आपसी संबंधों के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी का रिश्ता केवल सामाजिक बंधन नहीं बल्कि आत्मिक और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। जब दोनों के बीच परस्पर विश्वास, प्रेम, संवाद और सम्मान होता है, तभी परिवार में सुख और शांति का वातावरण बनता है। उन्होंने कहा कि जीवन में मतभेद स्वाभाविक हैं लेकिन यदि पति-पत्नी एक-दूसरे की बात को सुनने, समझने और क्षमा करने का भाव रखते हैं तो कोई भी विवाद बड़ा नहीं बन सकता। साध्वी जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जहां वाणी में मधुरता और व्यवहार में विनम्रता होती है, वहां संबंध सदैव मजबूत रहते हैं।

#### ये रहे मौजूद

साध्वी ने यह भी कहा कि इस युग में पति-पत्नी दोनों को समान रूप से एक-दूसरे का सहयोगी बनना चाहिए। एक-दूसरे की कमजोरियों को नहीं बल्कि अच्छाइयों को देखने की भावना रखनी चाहिए। जब दंपति एक-दूसरे को बेहतर इंसान बनाने का प्रयास करते हैं तो वही परिवार समाज के लिए आदर्श बनता है। साध्वी सात्विक ने अपने प्रवचन में कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन और आत्मशुद्धि का काल है। इस अवधि में व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

---

### सामाजिक बुराइयों से दूर रहें

# छात्रों को दी कानूनी जानकारी, विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

- सामाजिक बुराइयों से संरक्षण के उपायों की जानकारी देना लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



छात्रों को कानून की जानकारी देती एडवोकेट टैंसी।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण के मार्गदर्शन में अधिवक्ता टैंसी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन, में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक साक्षरता बढ़ाना तथा विभिन्न सामाजिक बुराइयों से संरक्षण के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में मुख्य तौर पर मादक पदार्थों के दुरुपयोग के पीड़ित एवं नशा उन्मूलन, यौन शोषण एवं उसके प्रतिकार, एसिड अटैक से पीड़ितों के अधिकार, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, तथा बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं की रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता टैंसी ने विद्यार्थियों को जागरूक करते बताया कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहे तथा समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाए।

#### आभार जताया

बताया कि कानून पीड़ितों को संरक्षण देने के लिए पर्याप्त प्रावधान प्रदान करता है। हर व्यक्ति को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। कैंप में मौजूद लोगों को बताया की अगर किसी को भी किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता की जरूरत है तो वो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के ऑफिस में आकर या हेल्पलाइन नंबर 0171 - 2532142 व नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रिंसिपल के साथ अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे तथा विद्यालय प्रबंधन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार प्रकट किया कि संस्था द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाती है।

---

### पुलिस के जवानों ने परेड में दिखाया उत्साह

# पुलिस लाइन में जनरल परेड के दौरान एसपी ने ली सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। जनरल परेड में मार्चपास्ट करते पुलिस के जवान।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर सोमवार को जिला पुलिस लाइन में जनरल परेड का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक अजीत सिहं शेखावत ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों से परेड करवाई। पुलिस कर्मचारियों को सही ढंग से सैल्यूट करने बारे भी बरीकी से बताया गया। निरीक्षण उपरान्त एसपी ने सभी कर्मचारियों की वर्दी का टर्न आउट चेक किया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी वीआईपी व अन्य ड्यूटी के दौरान पेट्रन के अनुसार साफ सुथरी वर्दी पहनेंगे। वर्दी पर नेम प्लेट लगाएंगे। वीआईपी ड्यूटी के दौरान कर्मचारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी व लगन से अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। एसपी ने इआरवी डायॅल-112 पर तैनात पुलिस कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों का फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को अपने अपने थानाक्षेत्र के इलाकों में ज्यादा से ज्यादा गश्त व पेट्रोलिंग करने के आदेश दिए ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

---

### निगरानी समिति की बैठक का आयोजन

# मीटिंग से कई अधिकारी गायब होने पर कारण बताओ नोटिस

केंद्र सरकार की सभी योजनाओं पर गंभीरता से काम करने के भी निर्देश



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी व सांसद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की मीटिंग अंबाला शहर के पंचायत भवन संपन्न हुई। इसमें सांसद वरुण चौधरी ने अध्यक्ष के तौर पर तथा राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने सह अध्यक्ष के तौर पर शिरकत की। केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की । सबसे पहले पिछली बैठक में रखे गए एजेंडे की समीक्षा की गई थी। मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर, मेयर शैलजा सचदेवा, नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी, नगर परिषद् अध्यक्ष स्वर्णजीत कौर विशेषतौर पर मौजूद रहें। बैठक में सांसदों ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, राष्ट्रीय कैरियर सेवा, ई-श्रम पोर्टल, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन, खेलों इंडिया, भारत नेट, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, डिजीटल इंडिया, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना, अमरूत योजना, जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की।

#### लापरवाही से बचें

लोकसभा सांसद वरुण चौधरी तथा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बैठक के दौरान डीआईओ को निर्देश दिए कि जिला में जो भी कार्यक्रम एवं विभिन्न विभागों द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की हुई है उन योजनाओं को डिस्ट्रिक की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड व अपडेट करें ताकि आमजन को इन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध हो सकें। सांसदों ने अधिकारियों से कहा कि वे जमीनी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें और योजनाओं की निगरानी नियमित रूप से की जाए ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी जरूरतमंद लोगों एवं लाभार्थियों के प्रति संवेदनशील रहें।

---

**समस्या** निगम कमिश्नर को फिर भेजा लेटर: धड़ल्ले से अवैध कॉलोनियां कटवाने का आरोप

कहा सात दिन में सूची नहीं मिली तो फिर जनता के सामने रखा जाएगा मुद्दा

# मेयर को वैध-अवैध कॉलोनियों की सूची उपलब्ध नहीं करवा रहे जिले के अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा को अफसर अंबाला शहर में वैध और अवैध कॉलोनियों की सूची उपलब्ध नहीं करव रहे हैं। इससे पहले भी मेयर की ओर से तीन बार सभी कॉलोनियों की सूची मांगी जा चुकी है।

अब फिर मेयर ने निगम कमिश्नर को लेटर भेजकर तुरंत सभी कॉलोनियों की सूची उपलब्ध करवाने की बात कही है। मेयर की ओर से कमिश्नर को लिखे ताजे लेटर में बताया गया कि उन्होंने पहले तीन पत्रों के जरिए अधिकारियों से यह पूछा था कि शहर में कितनी कॉलोनियां वैध हाँ और कितनी अवैध हैं। इसकी सूची अब तक उन्हें नहीं मिली हैं।




#### संरक्षण का आरोप

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है की विभाग के अधिकारी इस सूचना को छुपा कर शहर में हर रोज कट रही अवैध कॉलोनी को संरक्षण देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी ही दो बड़ी अवैध कॉलोनियां नगर निगम क्षेत्र में जीटी रोड पर पुरानी सब्जी मंडी के सामने और नारायणगढ़ रोड पर व्यवसायिक कॉलोनी काटी जा रही है। इस प्रकार अवैध कॉलोनियां काटकर बड़े-बड़े कॉलोनाइजर अपना फायदा लेकर मोटी रकम कमा रहे हैं परंतु गरीब जनता जो अपने खून पसीने की कमाई इन प्लाटों में लगाती है वह वैध–अवैध के चक्कर में फंस जाती है।

#### मुहैया करवाने के निर्देश

मेयर ने कहा कि अब वे गरीब जनता को लूटने नहीं देंगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नगर निगम के अधिकारी इन कॉलोनियां को लेकर आंखें मूंदे बैठे हैं उससे ऐसा प्रतीत होता है कि अपने राजनीतिक आकाओं के निर्देशानुसार उन्हें इन कॉलोनीयों को स्थापित करवाने और संरक्षण देने के आदेश की पालन करना निगम के कायदे और कानून से ज्यादा जरूरी लगता है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों निकाय मंत्री विपुल गोयल से भी उनकी इस विषय पर चर्चा हुई थी। इसके बाद उन्होंने पत्र के जरिए सभी प्रकार के रिकॉर्ड मेरे कार्यालय को मुहैया कराने के निर्देश भी दिए थे।

#### मंत्री को सूचना

उन्होंने कहा कि जहां एक और शहर के अंदरूनी क्षेत्रों में भी कई पैच भी अवैध हैं वहीं अवैध कॉलोनियां काटना उनके प्लॉटों की रजिस्ट्रियां होना और उनका विस्तार होने का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। उन्होंने कमिश्नर को सात दिन के भीतर सभी अवैध व वैध कॉलोनियों की सूची उपलब्ध करवाने की बात कही। अन्यथा उन्हें यह मामला फिर जनता के समक्ष रखना होगा। साथ ही निकाय मंत्री को फिर इससे अवगत करवाया जाएगा।